राजस्थान सरकार
मुख्यमंत्री जनसम्पर्क प्रकोष्ठ

युद्ध स्तर पर हो जल जीवन मिशन का काम –मुख्यमंत्री

जयपुर, 9 मार्च। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने अधिकारियों को जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक पेयजल कनेक्शन उपलब्ध करवाने के लिए युद्ध स्तर पर काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मिशन के तहत ग्राम स्तर तक समितियों के गठन और विभिन्न स्तर पर टेण्डर प्रक्रिया के काम समयबद्ध रूप से पूर्ण हों। साथ ही, गर्मी के दिनों में पेयजल की सुचारू आपूर्ति के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए।

श्री गहलोत मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के कामों को गति देने के साथ–साथ गुणवत्ता पर फोकस किया जाए। उन्होंने कहा कि मिशन की योजना में ही स्थानीय स्तर पर लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। ऐसे में आमजन को मिशन से जोड़ने के लिए जागरूकता अभियान पर जोर दिया जाए।

अतिरिक्त मुख्य सचिव जलदाय विभाग श्री सुधांश पंत ने प्रस्तुतीकरण में बताया कि मिशन के तहत प्रदेशभर के 43 हजार 364 गांवों के कुल एक करोड़ एक लाख घरों को पेयजल कनेक्शन दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। इसके तहत मिशन की बेहतर क्रियान्विति के लिए राज्य, जिला एवं ग्राम स्तर पर संचालन एवं मॉनिटरिंग समितियां गठित की गई हैं, जो लगातार बैठकों के माध्यम से प्रगति की नियमित समीक्षा कर रही हैं।

बैठक में जलदाय मंत्री श्री बीडी कल्ला, प्रमुख शासन सचिव वित्त श्री अखिल अरोरा, जलदाय विभाग की विशिष्ट सचिव श्रीमती उर्मिला राजोरिया सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।